

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

एनिमल फेम तृप्ति डिमरी को मिली बड़ी फिल्म


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 248 ■ गुरुवार, 28 दिसंबर 2023 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## ज्वेलर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

■ महिला ने की पुलिस में शिकायत

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की एक महिला की शिकायत पर भाजी मार्केट शहर पश्चिम के छगन ज्वेलर्स शॉप के ओमकुमार उत्तम कुमार प्रजापित को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है. घाडगे नगर, मेठल नगर निवासी शर्मिला मल्होत्रा (43) ने पुलिस में अपराध पंजीकृत कराया है कि उन्होंने सोने का मंगलसूत्र तोड़कर अपनी बेटी के लिए नेकलेस बनाने के लिए ज्वेलर को दिया था. साथ ही ज्वेलर को 15 हजार रुपए भी दिए. मंगलसूत्र और सोने की रिंग की कीमत 64 हजार रुपए मिलाकर कुल 79 हजार रुपए का सोना और नकद रकम लेकर भी आरोपी ने 28 अक्टूबर 2022 से आज तक सोने के गहने या रकम वापस नहीं किए हैं. इस तरह छगन ज्वेलर्स के ओमकुमार प्रजापति ने धोखाधड़ी की है. पुलिस ने दफा 420, 406 के अनुसार अपराध दर्ज करके ओमकुमार को गिरफ्तार कर लिया है.

इस ज्वेलर के बारे में कई महिनों से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि उसने कई महिलाओं, पुरुषों के गहने गिरवी रखने के बाद उनके द्वारा ब्याज के साथ रकम वापस देने पर भी उनके सोने के गहने वापस नहीं किए हैं. अब 420 के मामले में इस ज्वेलर की गिरफ्तारी हुई है. पुलिस उप निरीक्षक विजय पराड मामले की तफ्तीश कर रहे हैं.

## क्राइम डायरी...

### लोन दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपए ठगे



**बदलापुर.** बेलवली, बदलापुर पश्चिम निवासी एक 47 वर्षीय शख्स को मोबाइल पर फोन कर लोन दिलाने का झांसा देकर कस्टम ड्यूटी व इनकम टैक्स के नाम पर 3 लाख रुपए ठग लिए गए.

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार फिर्यादी सुरेश नाराण अप्पागौड़ा (47) को 30 अक्टूबर को मोबाइल क्र. 8097896087 से फोन आया. फोन करने वाले ने इंग्लिश में अपना नाम डेंग डेनियल बराच बताया. उसने बताया कि आपने व्यावसायिक लोन के लिए बैंक में पूछताछ की है. हम आपको लोन दे सकते हैं. बाद में कस्टम ड्यूटी भरने व इनकम टैक्स की रकम भरने के नाम पर फिर्यादी से 3 लाख 3 हजार 699 रुपए आनलाइन ठग लिए. बदलापुर पुलिस ने आईटी अधिनियम की धारा 66 (ड) के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक बेंडकुल मामले की जांच कर रहे हैं.

# विट्ठलवाड़ी से कल्याण तक बनेगा एलिवेटेड रोड

■ MMRDA से 642.98 करोड़ की प्रशासनिक मंजूरी

■ वालधुनी नदी के समानांतर बनेगा

■ कुल लंबाई 1 किमी 654 मीटर

■ कल्याण-अंबरनाथ रोड जगदीश दुग्धालय के पास होगी एंट्री-एक्जिट

करन बोधा

**कल्याण.** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने कल्याण अहमदनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, कल्याण बदलापुर राज्य राजमार्ग और पुराने पुणे लिंक रोड को जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 642.98 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। फिलहाल विट्ठलवाड़ी से कल्याण तक कोई सीधा रास्ता नहीं है इसलिए इसमें लगभग 40 से 60 मिनट का समय लगता है। इस एलिवेटेड रूट के कारण यह दूरी घटकर पांच मिनट रह जाएगी. इस मार्ग में दो रेलवे ट्रैक को पार करना होगा और यह मार्ग विट्ठलवाड़ी से कल्याण अहमदनगर स्टेट हाईवे तक वालधुनी नदी के समानांतर बनाया जाएगा।




चूंकि राज्य के राजमार्ग और राजमार्ग एक-दूसरे से जुड़े नहीं हैं, इसलिए अक्सर लंबा चक्कर लगाकर यात्रा करनी पड़ती है। इसमें ईंधन, समय और श्रम खर्च होता है। कल्याण, उल्हासनगर एक दूसरे से सटे हुए हैं. लेकिन भौगोलिक संरचना, वाल्धुनी नदी और सीधे मार्गों की कमी के कारण शहर के दोनों छोर एक-दूसरे से बहुत दूर लगते हैं। चूंकि कल्याण डोंबिवली नगर क्षेत्र के विट्ठलवाड़ी इलाके को कल्याण अहमदनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए कोई सीधा मार्ग नहीं है, इसलिए विट्ठलवाड़ी से पुराने पुणे लिंक रोड के माध्यम से कल्याण अहमदनगर मार्ग तक पहुंचने के लिए कल्याण शहर से होकर जाना पड़ता है। उल्हासनगर शहर से कल्याण बदलापुर राज्य राजमार्ग को पार करना होगा और व्यस्त क्षेत्र से गुजरना होगा। नगर हाईवे, कल्याण बदलापुर स्टेट हाईवे और ओल्ड पुणे लिंक रोड एक दूसरे से जुड़े नहीं हैं।

कल्याण से कर्जत और कसारा तक दो रेलवे लाइनों और तीन राजमार्गों को जोड़ने वाली इस सड़क के निर्माण के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के निदेशक मंडल की हाल ही में हुई बैठक में 642.98 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के लिए कुल 38 हजार 160 वर्ग मीटर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता है, जिसमें से 23 हजार 951 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। शेष क्षेत्र को हस्तांतरित विकास अधिकार (टीडीआर) के माध्यम से कल्याण डोंबिवली मनपा के माध्यम से प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

### ऐसा होगा एलिवेटेड रोड

■ यह मार्ग विट्ठलवाड़ी श्मशान से शुरू होगा और कल्याण-अहमदनगर मार्ग पर पाम रिजॉर्ट पर उतरेगा। इसकी कुल लंबाई 1 किमी 654 मीटर है और इसे चार स्तरों पर ऊंचा किया जाएगा। पाम रिजॉर्ट से कल्याण रेलवे स्टेशन तक 240 मीटर का एक अलग मार्ग होगा। इसलिए स्टेशन से एलिवेटेड रोड तक 520 मीटर का ट्रैक होगा।

■ साथ ही पाम रिसॉर्ट से शहाड होते हुए भवानी चौक और वहां से पाम रिसॉर्ट तक दोतरफा 220 मीटर की सड़क बनेगी. इस मार्ग पर कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर जगदीश दुग्धालय पर चढ़ने और उतरने के लिए 2 स्तरों में 480 मीटर के दो रैंप होंगे। जबकि कल्याण पूर्व से विठ्ठलवाड़ी श्मशान तक 220 मीटर की दो-लेन सड़क होगी।

■ विठ्ठलवाड़ी स्टेशन से विठ्ठलवाड़ी श्मशान घाट होते हुए कल्याण तक 475 मील की डबल डेकर एलिवेटेड रोड होगी। इसलिए विठ्ठलवाड़ी श्मशान घाट से विठ्ठलवाड़ी स्टेशन तक एक मार्ग होगा।

■ इस कार्य में कल्याण मुरबाड रोड और पुणे लिंक रोड पर चार सिंगल लेन सड़कें विकसित की जाएंगी। वालधुनी नदी के क्षेत्र में 18 मीटर विकास योजना सड़क का डामरीकरण और दो रेलवे लाइनों पर सतही सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा.

■ वालधुनी नदी के किनारे 1 हजार 490 मीटर की सुरक्षा दीवार भी बनाई जाएगी. इसके साथ ही तीन अन्य चौराहों जैसे कल्याण में भवानी चौक, कल्याण-बदलापुर रोड पर जगदीश डेयरी और विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन परिसर में चौक का सुधार किया जाएगा।

## छाया अस्पताल में दांत का दवाखाना शुरू



■ विधायक किणीकर ने किया उद्घाटन


■ शिशु टीकाकरण विभाग में कर्मचारी बढ़ाने के दिए निर्देश

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के शासकीय स्व. डॉ. बी.जी. छाया अस्पताल में बुधवार दोपहर को जब विधायक डॉ. बालाजी किणीकर दंत शल्य चिकित्सा विभाग का उद्घाटन करने गए तो देखा कि शिशु टीकाकरण विभाग के बाहर बालकों के साथ उनके पालकों की लाइन लगी हुई है. उन्हें बताया गया कि इस विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण पालकों को घंटों प्रतीक्षा करना पड़ता है. किणीकर संबंधित अधिकारी पर भड़क गए और उनसे कहा कि अगर कर्मचारियों की संख्या कम है तो कर्मचारियों की पूर्तता करें. अस्पताल में आए बालक-पालकों को परेशान न करें. उस समय शिवसेना के कार्यकर्ता के अलावा सुमति पाटिल, उमर इंजीनियर अस्पताल के डॉक्टर भी उपस्थित थे. इसके बाद विधायक ने छाया अस्पताल में दांत दवाखाना का उद्घाटन किया. उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि दांत के संबंध में कोई रोग है तो वह दांत के दवाखाने से लाभ उठाएं. उद्घाटन के समय पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख, सुभाष सालुंखे, लेनिन मुक्कू, युवा सेना शहर अधिकारी राहुल सोमेश्वर, नवनियुक्त वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. निलेश सकपाल, डॉ. शुभांगी, डॉ. सुनिल घाटकर, डॉ. अंजुम देशमुख, डॉ. अरुणा एवं परिचारिएं उपस्थित थीं. डॉ. बालाजी किणीकर एक्सपर्ट दांत के डॉक्टर हैं. उन्होंने एक मरीज के दांतों का उपचार भी किया.

## श्रीराम चौक के तीनों कुख्यात बार सील

■ 90 डिग्री, 100 दिन और एप्पल बार पर मनपा ने की कार्रवाई!




**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस ने पिछले सप्ताह कैंप नंबर-4 स्थित 90 डिग्री, 100 डेज और एप्पल बार पर छापा मारकर 50 बार समेत 78 ग्राहकों पर कार्रवाई की. नए साल के आगमन से पहले विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के एक पत्र के अनुसार, मनपा अधिकारियों ने बुधवार दोपहर को तीनों डांस बार को सील कर दिया। कहा जा रहा है कि उल्हासनगर में देर रात तक खुले रहने वाले बार, रेस्तरां, फास्ट फूड कॉर्नर, डांस बार के कारण अपराध में वृद्धि हुई है। पिछले हफ्ते, सेंट्रल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय वाघमारे की टीम ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 100 डेज़, 90 डिग्री और ऐप्पल डांस बार पर छापा मारा और 50 बार और 78 ग्राहकों के खिलाफ कार्रवाई की। इस बीच, धुले जिला अपराध विभाग ने दो दिन पहले विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर एक होटल में भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच पर क्रिकेट सट्टेबाजी के मामले में 6 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय गायकवाड़ के पत्र के अनुसार, मनपा के सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी की टीम ने बुधवार दोपहर तीनों बार को सील कर दिया है. शहर में पिछले सप्ताह नशे में धुत एक कार चालक ने दो रिक्शा समेत कुछ कारों को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। शहर में बार, डांस बार, रेस्टोरेंट, फास्ट फूड कॉर्नर देर तक खुले रहने से दुर्घटनाएं और अपराध बढ़ने का आरोप है. इसके अलावा, सेंट्रल पुलिस ने शहर के विठुलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा में देर रात तक खुले रहने वाले तीन डांस बारों पर छापा मारा है।

## मोरीवली गांव में मटके के अड्डे पर छापा

**अंबरनाथ.** मोरीवली गांव, अंबरनाथ पश्चिम में चल रहे एक मटके के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा और यहां जुआ खेल रहे 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 26 दिसंबर की रात 11.25 बजे के करीब मोरीवली गांव, अंबरनाथ पश्चिम में छगन भोईर के घर के सामने गली में चल रहे एक मटके के अड्डे पर छापा मारा. यहां पर मटका खेल रहे अजय अंबादास शिखरे (23), गणेश बजरंग जाधव (25) और मुरलीधर आरमुगम मुदलियार (52) के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए सीआरपीसी 41 (अ) 1 के तहत नोटिस दी गई है. पुलिस उप निरीक्षक विजय पराड मामले की जांच कर रहे हैं.

## गौरक्षकों ने जानवरों को ले जा रहा ट्रक पकड़ा

■ टिटवाला थाने में मामला दर्ज कराया



**उल्हासनगर.** बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जानवरों को अवैध रूप से ले जा रहे ट्रक को पकड़कर टिटवाला पुलिस को सौंप दिया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक समेत 2 लोगों को हिरासत में लिया है.

बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि भैंस और उनके बछड़ों को अवैध रूप से मुंबई की ओर ले जाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सोमवार रात म्हारल गांव के गेट पर एक ट्रक को रोकने की कोशिश की. लेकिन जब चालक भाग गया तो कार्यकर्ताओं ने पीछा कर ट्रक को रोक लिया और म्हारल चौकी पुलिस को सौंप दिया।

इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने ट्रक के शीशे तोड़ दिये और चालक व उसके सहयोगियों की हल्की पिटाई कर दी. वहीं, बीजेपी के राज्य सचिव और युवा नेता अमित वाधवा और मनसे नेता विवेक गंभीर राव मौके पर पहुंचे. इसके बाद जैसे ही टिटवाला पुलिस को पता चला तो वह मौके पर पहुंची और ड्राइवर राशिद अली शेख और अरबाज ताहिर मलिक समेत ट्रक को जब्त कर लिया. पुलिस उन्हें थाने ले गई. जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि आरोपियों ने कहा है कि इन भैंसों को कोल्हापुर के हातकणंगले के कल्याण बैल बाजार में ले जाया जा रहा था। बीजेपी पदाधिकारी अमित वाधवा ने कई सवाल उठाए हैं कि ट्रक ड्राइवर ने यात्रा के लिए कोल्हापुर-मुंबई हाईवे को छोड़कर लंबी सड़क मुरबाड रोड को क्यों चुना? टिटवाला पुलिस ने जानवरों को टोकावडे में रखा है।

## जमीन का सर्वे करने गए अधिकारियों का विरोध

**20-21 गांववालों के खिलाफ मामला दर्ज**

**उल्हासनगर.** अंबरनाथ के आसोडेगांव में मुंबई ऊर्जा मार्ग लि. के भूपामन करने गए अधिकारियों का गांववालों ने विरोध किया, जिसके कारण उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा. सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में हिललाइन पुलिस ने 20-21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को 13:30 बजे के करीब सर्वे नंबर 49 मध्ये, आसोडेगांव, ता. अंबरनाथ जि. ठाणे में मुंबई उर्जा मार्ग लि. की ओर से यशवंत सिंग कमल ने आसोडे स्थित सर्वे नंबर 49 में जमीन नापजोख का काम शुरू किया था. इस बीच 20-21 लोगों ने आकर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की और मुंबई ऊर्जा मार्ग लि. कंपनी के अधिकारी को काम करने से रोका. गांववालों का कहना था कि हम लोगों को किसी भी तरह का नोटिस नहीं मिला है. हम आपको सर्वे करने नहीं देंगे. साथ ही हमारी संपादित की गई जमीन का मुआवजा हमें बढ़ाकर चाहिए तभी हम नापजोख करने देंगे.

भूमि अभिलेख कार्यालय, अंबरनाथ के भूमापक नितिन विक्रम डोंबाले (33) की शिकायत पर हिललाइन पुलिस ने 13 दिसंबर 2023, भाग क्रमांक तीन, पृष्ठ क्रमांक 508, पुलिस उप आयुक्त, विशेष शाखा, ठाणे शहर के मनाई आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम सन 1951 की धारा 37(3), 135 के तहत सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है.

### ■ इन लोगों पर हुआ मामला दर्ज...

1) चंद्रकांत रामा पाटील (40, नि. वाकलन ता. अंबरनाथ), 2) काशिनाथ रामा पाटील (55 नि. वाकलन ता. अंबरनाथ), 3) गणपत काळु पाटील (60 नि. बुर्दुल ता. अंबरनाथ), 4) विलास बुधा पाटील (49 नि. बुर्दुल ता. अंबरनाथ) 5) सुरेश गणपत पाटील (40 नि. बुर्दुल ता. अंबरनाथ), 6) ज्ञानदेव सिताराम पाटील (54, नि. उसाटणे ता.अंबरनाथ), 7) प्रियंका प्रविण पाटील (30, नि. वाकलन), 8) शोभना चंद्रकांत पाटील (35 नि. वाकलन), 9) सुवर्णा रमाकांत पाटील (34 नि. वाकलन), 10) सपना मनोहर पाटील (33 नि. वाकलन), 11) रोहिनी काशिनाथ पाटील (32 नि. वाकलन), 12) रोशनी शरद पाटील (33 नि. वाकलन) 13) जागृती जगदीश पाटील (34 नि. बुर्दुल), 14) दीक्षा सुभाष पाटील (35 नि. बुर्दुल), 15) पार्वती मोतीराम पाटील (49 नि. बुर्दुल), 16) जाणुबाई गणपत पाटील (50 नि. बुर्दुल) व अन्य 4 से 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## उल्हासनगर मनपा आदर्श विद्यालय का पुनर्निर्माण लटका

■ 2 करोड़ का फंड मंजूर होने के बाद कोई निर्णय नहीं

**उल्हासनगर.** मॉडल स्कूल के रूप में चयनित म्युनिसिपल स्कूल नंबर-25 के पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने 2 करोड़ का फंड मंजूर किया है. हालांकि, धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद डेढ़ साल बाद भी स्कूल का पुनर्निर्माण पूरा नहीं हो पाने की आलोचना हो रही है.

13 मई 2022 को सरकार ने उल्हासनगर म्युनिसिपल स्कूल नंबर-25 को मॉडल स्कूल घोषित किया और स्कूल के पुनर्निर्माण के लिए 1 करोड़ 98 लाख 50 हजार का फंड मंजूर किया. 22 मई 2022 को महानगर पालिका को 48 लाख 55 हजार 144 रुपये का फंड दिया गया. शासन से धनराशि स्वीकृत होने के डेढ़ साल बाद भी स्कूल के पुनर्निर्माण को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका है।

शिक्षा विभाग की लेखाधिकारी नीलम कदम ने बताया कि स्कूल भवन के लिए जगह की मंजूरी मिल गयी है और जल्द ही स्कूल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी.

वहीं बसपा के प्रदेश महासचिव प्रो. प्रशांत इंगले ने आशंका जाहिर की है कि स्कूल का काम शुरू नहीं हुआ तो निधि वापस जा सकती है.

म्यूनिसिपल स्कूल नंबर 18 और 24 के पुनर्निर्माण का काम करीब 6 साल बाद शुरू हुआ। पिछले महीने सांसद श्रीकांत शिंदे ने भूमि पूजन किया था। महानगर पालिका ने इस स्कूल के लिए 4 करोड़ का फंड स्वीकृत किया है. स्कूल नंबर-17 के पुनर्निर्माण के लिए महानगर पालिका ने 45 लाख का फंड स्वीकृत कर स्कूल पुनर्निर्माण का काम शुरू करा दिया है. शिक्षा विभाग की लेखा पदाधिकारी नीलम कदम ने बताया कि इस विद्यालय परिसर में 2 करोड़ की निधि से एक अध्ययन कक्ष का भी निर्माण कराया जायेगा. कदम ने बताया कि मनपा स्कूल की अन्य इमारत का चरण दर चरण पुनर्निर्माण किया जाएगा और पिछले साल महानगर पालिका स्कूल की मरम्मत पर 2 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।




मनपा शिक्षा विभाग के अंतर्गत मराठी, हिंदी और गुजराती जैसे कुल 22 स्कूल हैं। नीलम कदम ने यह भी जानकारी दी है कि स्कूल में साढ़े चार हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और कोरोना के बाद मनपा स्कूलों के छात्रों की संख्या में 500 से ज्यादा बच्चों की बढ़ोतरी हुई है.

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अंबरनाथ.** मटका चौक के पास कल्याण-अंबरनाथ रोड पर एक जिप कम्पास कंपनी की चौपहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया. इस दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर की रात 2 बजे के करीब आर्डनेंस फैक्टरी गेट के सामने, कल्याण-बदलापुर रोड पर आरोपी रितजजय शंकराचार्य शास्त्री (34) ने जिप कंपास कंपनी की गाड़ी (क्र. एमएच 03 डीए 0770) तेज गति से चलाते हुए फिर्यादी संकेत आनंदा देठे की बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में संकेत का पैर फ्रैक्चर हो गया और सर पर भी गंभीर चोट लगी है. अंबरनाथ पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 337, 338 समेत मोटर वेहिकल एक्ट 1988 की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## ठाणे जिले में एक साल में ढाई लाख वाहनों का पंजीकरण

मोहनसिंह धामी

**ठाणे.** ठाणे जिले में 1 जनवरी से 26 दिसंबर तक ढाई लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है. सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी शहरों में हैं। यहां वाहनों के रजिस्ट्रेशन की संख्या 1 लाख 10 हजार 531 है. वाहनों में दोपहिया और कारों की बिक्री सबसे ज्यादा है। 2022 की इसी अवधि में 2 लाख 17 हजार 458 गाड़ियां बिकीं. ऐसे में जिले में हर साल वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है।



पिछले कुछ वर्षों में ठाणे जिले में आबादी में बड़ी वृद्धि हुई है। हालाँकि, दूसरी ओर संकरी सड़कें और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण वाहन चालकों को यातायात भीड़ का खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस साल ठाणे जिले में 2 लाख 26 हजार 609 वाहनों की बिक्री दर्ज की गई. सबसे ज्यादा गाड़ियां ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी शहरों में बेची गई हैं। उसके बाद कल्याण, डोंबिवली और नवी मुंबई शहरों में वाहनों का पंजीकरण किया गया है।

### वाहन बिक्री
**2023 (1 जनवरी से 26 दिसंबर)**

| शहरी वाहन | - पंजीकरण |
|---|---|
| ठाणे, मीरा भयंदर, भिवंडी | - 1 लाख 10 हजार 531 |
| डोंबिवली से बदलापुर | - 78 हजार 110 |
| नवी मुंबई | - 37 हजार 968 |
| कुल | - 2 लाख 26 हजार 609 |

ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी शहर में 1 लाख 10 हजार 531 वाहन पंजीकृत किए गए हैं। जबकि डोंबिवली से बदलापुर तक ग्रामीण और शहरी इलाकों में 78 हजार 110 वाहन पंजीकृत हुए हैं. नवी मुंबई में 37 हजार 968 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है. सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन बिके। ठाणे, मीरा भयंदर और भिवंडी शहर में 71 हजार 141 दोपहिया वाहन बिके। तो 21 हजार 665 नई कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है. बाकी वाहनों में निजी और व्यावसायिक वाहन शामिल हैं। डोंबिवली से बदलापुर क्षेत्र में 55 हजार 720 दोपहिया वाहन और 14 हजार 62 कारें पंजीकृत हुईं। नवी मुंबई शहर में 18 हजार 35 दोपहिया वाहन और 10 हजार 530 कारें पंजीकृत की गई हैं।

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## हरेभरे चारागाह

क्या इस महीने की शुरुआत में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें 2024 में चुनाव जीतने की छोटी सी बात का कोई संदर्भ नहीं था। उनके समर्थक इसे आत्मविश्वास कहेंगे, उनके आलोचक अहंकार. यह स्पष्ट है कि देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए प्रधान मंत्री के मानदंड उन 303 भारतीयों के साथ मेल नहीं खाते थे जो उस विमान में सवार हुए थे जिसके बारे में अधिकारियों का मानना है कि यह उन्हें निकारागुआ ले जा रहा था जहां से वे संभवतः अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे। ये भारतीय इतने हताश थे कि जब फ्रांस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए विमान को नीचे गिरा दिया, तो उनमें से 27 लोगों ने यूरोपीय राष्ट्र में शरण की गुहार लगाई। फ्रांस ने शेष 276 भारतीयों को वापस मुंबई भेज दिया, जहां वे मंगलवार की सुबह उतरे – अर्थव्यवस्था पर सरकार की बयानबाजी और देश भर के लाखों लोगों की वास्तविकता के बीच बेमेल के जीवंत उदाहरण के रूप में। ऐसी कहानियां तेजी से समृद्ध हो रहे भारत की कहानी को नुकसान पहुंचाती हैं जिसके बारे में मोदी सरकार दुनिया को समझाने की कोशिश करने के लिए प्रतिबद्ध है। जो लोग जीडीपी पर नज़र रखते हैं, उनके लिए भारत की अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से बढ़ रही है। शेयर बाज़ार निश्चित रूप से ऊपर है। लेकिन ऐसे अन्य संकेतक भी हैं जो अर्थव्यवस्था की स्थिति और दुनिया में भारत के स्थान पर सवाल उठाते हैं। इस साल की शुरुआत में, लंदन स्थित धन प्रबंधक, हेनले एंड पार्टनर्स ने बताया कि अनुमानित 6,500 भारतीय करोड़पतियों के 2023 में देश छोड़ने की उम्मीद है, यह संख्या चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। जो लोग रहते हैं वे विदेशों में तेजी से निवेश कर रहे हैं: अन्य देशों में भारतीय निवेश का हिस्सा इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि सरकार ने इस पर सीमा लगा दी है कि भारतीय विदेश में कितना धन जमा कर सकते हैं। इस बीच, 2023 की पहली छमाही में 85,000 से अधिक भारतीयों – अमीर और गरीब – ने अपने पासपोर्ट छोड़ दिए। यह संख्या भी बढ़ रही है: 2014 में 129,000 की तुलना में पिछले साल 220,000 से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी। इस सप्ताह फ्रांस द्वारा वापस भेजे गए उन पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की तरह, हताशा पश्चिम जाने के इच्छुक हजारों भारतीयों की इच्छा को परिभाषित करती है – चाहे जोखिम कुछ भी हो।

# घाटी में सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता

पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है, यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। यह हमला जहां आतंकियों की हताशा को दर्शा रहा, वही ऐसी संभावनाएं भी पूरजोर उजागर कर रहा है आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करेंगे। घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा। विशेषतः सुरक्षाकर्मियों को मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ घाटी के लोगों के लिये संवेदनशील होना होगा ताकि घाटी में आतंक एवं अशांति फैलाने के मनसूबे सफल न हो सके। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। अब कश्मीर भारत की इज्जत एवं प्रतिष्ठा का प्रश्न है, नाक है।


पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके आतंकी गढ़ बने हुए हैं, इन क्षेत्रों के घने जंगलों के कारण आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में सुविधा रहती है। यही कारण है कि इन्हीं क्षेत्रों में बार-बार आतंकवादी घटनाएं हो रही है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंक विरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। अब



विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली, जो असहनीय है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पूछताछ के लिए उठाए गए आठ लोगों में से तीन लोगों का मृत पाया जाना अधिक गंभीर था।

बेशक 370 हटने से माहौल बदला है मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि नागरिकों के सन्दर्भ में सेना की किसी भी कोताही को सेना का खुद का तन्त्र और सरकार बर्दाश्त कर सकती है। हर नागरिक का न्याय पाना भी मौलिक अधिकार होता है। इसी वजह से सेना खुद तीन नागरिकों की मृत्यु के बारे में बहुत संजीदा एवं संवेदनशील नजर आई है और दुनिया को यह सन्देश देना चाहती है कि भारत की सेनाएं केवल विश्व के विभिन्न अशान्त क्षेत्रों में ही शान्ति कायम करने के लिए नहीं बुलाई जाती है बल्कि अपने देश में भी वह पूरी संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ इस पर अमल करती हैं। इसीलिये सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का सोमवार को खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचे। उनके द्वारा सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना के ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की तत्परता से जांच शुरू करना बताता है कि सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की दृष्टि में घाटी की आतंकवादी घटनाएं एवं उनके खिलाफ खड़े सैन्य अधिकारियों की थोड़ी भी चूक कितनी गंभीर है। यह सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की संवेदनशीलता एवं इंसानियत का प्रेरक उदाहरण है। बार-बार जंग का मैदान देख चुके कश्मीर को बुलट की जगह बैलेट की ओर लाने के लिये सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। भले ही आतंकी घटनाओं का रह-रह कर रंग दिखाना एक अघोषित जंग ही है, जंग कोई भी हो खतरा तो उठाना ही पड़ता है। जंग कैसी भी हो, लड़ता पूरा राष्ट्र है।

यह जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है। और जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, जिन संकटों एवं खतरों का सामना कर रहे है, वह सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें तो ऐसा लगता है कि इस बार उनसे कुछ चूक हुई है। ऐसी लापरवाही या गैर जिम्मेदाराना रवैया हमारे कश्मीर-संकल्प को धुंधलाते हैं। हमें बहुत सावधानी एवं सतर्कता से अपने लक्ष्यों को हासिल करना है, इस दृष्टि से सेनाध्यक्ष ने जो तत्परता दिखाई है, वह वक्त की नजाकत को देखते हुए जरूरी थी। उन्होंने न केवल जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए जहां सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना के आदर्श को सामने रखे।


ध्यानाभ्यास के द्वारा,
हम प्रभु रूपी महासागर को
अपनी आत्मा रूपी बूंद में महसूस
कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


## बिहार पर बयानबाजी और दयानिधि मारन

डीएमके सांसद दयानिधि मारन के शर्मनाक बयान पर बिहार के नेता उबल रहे हैं लेकिन आम बिहारी शांत है। मारन के विरोध में सामाजिक या युवा संगठनों में कोई गुस्सा नहीं है। बिहार खामोश है। जिन नेताओं के चलते बिहारियों को गाली सुननी पड़ती है, सिर्फ वे ही शोर मचा रहे हैं। आम बिहारी इसे अपनी नियति मान बैठा है। कभी महाराष्ट्र में शिवसेना और नव निर्माण सेना, तो कभी दिल्ली वाले, तो कभी तमिलनाडु के नेता, इनके अपमानजनक बोल, हिकारत भरी निगाहें और व्यवहार अब हमारे लिए नया नहीं है। बिहारी आहत होता है, लेकिन उबलता नहीं। वह इसका प्रतिकार अपनी प्रतिभा दिखा कर करता है।

हां, ऐसे मामले में बिहारी राजनेताओं के बयान, पार्टी और चेहरा देखकर बदलते रहते हैं। क्योंकि उन्हें बिहारी अस्मिता नहीं, अपनी राजनीति प्यारी है। याद आते हैं वो दिन जब शिवसेना एनडीए यानी भाजपा के गठबंधन का हिस्सा थी। उस समय मुंबई में बार-बार बिहारियों के साथ दुर्व्यवहार किये जाते थे। उनके ऑटो, खोमचे उलट दिए जाते थे। नौकरियों के लिए परीक्षा देने गए बच्चों को दौड़ा -दौड़ा कर पीटा जाता था, तब भाजपा नेताओं की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

आज जैसे इंडि गठबंधन के नेता



मारन प्रकरण पर बच-बचा कर, हकला-हकला कर बोल रहे हैं, तब भाजपा नेताओं की यही स्थिति होती थी। उनके मुंह से बोल नहीं फूटते थे। आज भले ही वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडि गठबंधन से अलग होने की चुनौती दे रहे हों। उस समय राजद और एनडीए विरोधी पार्टियां जैसे कूद-कूद कर भाजपा और शिवसेना को कोसते नहीं थकती थीं, उसी तर्ज पर आज भाजपा और एनडीए के नेता कर रहे हैं। कोई अंतर है? सिर्फ विरोध करने वाले चेहरे बदलते रहते हैं लेकिन बिहार और बिहारियों की स्थिति नहीं बदलती ! क्यों?

राजनीति का यह खेल आम बिहारी बखूबी समझता है। इसलिए वह तमाशबीन बना रहता है। वह जानता है कि अंदरखाने सब एक हैं। उन्हें सिर्फ अपनी राजनीति की चिंता है, कुर्सी की चिंता है, बिहार के विकास और बिहारी की चिंता सबसे निचले पायदान पर है।

हद तो बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कर दी। उन्होंने डीएमके पार्टी को सामाजिक न्याय की पार्टी बताते हुए बहुत मीठे स्वर में, मारन का नाम लिए बिना निंदा की। अब उनको कौन समझाए की सामाजिक न्याय का मतलब किसी को नीचा दिखाना, उसे अपमानित करना या गाली देना नहीं होता ? सामाजिक न्याय मतलब हैसियत देखे बगैर सबके साथ समान व्यवहार और समान अवसर देना है।

मगर यह भी सच है कि बिहार में 'भूरा बाल साफ़ करो' का नारा भी सामाजिक न्याय का नारा माना गया था। ऐसी पार्टियां और ऐसा नारा लगानेवाले किसका भला करेंगे ? उसी तर्ज पर तो मारन भी बोल रहे हैं तो उसकी निंदा कैसे करेंगे ?

बिहार की स्थिति को देखकर मुज़फ़्फ़र रज़्मी का एक प्रसिद्ध शेर कौंध जाता है -

**'ये जब्र भी देखा है तारीख़ की नज़रों ने/लम्हों ने ख़ता की थी सदियों ने सज़ा पाई।'**

रज़्मी साहब उसी यूपी के थे जिस यूपी के लोगों को आज डीएमके के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अपमानित कर रहे हैं। बिहार के लोग अगर मजदूरी करने के लिए भी बाहर जाने को विवश हैं तो इसके लिए बिहार के अदूरदर्शी और सत्ता सुख भोगने की लालसा रखने वाले राजनेता जिम्मेवार हैं।

### जरा हट के


## एक साथ 10 ब्रश से पेंट करता है आर्टिस्ट

पेंटिंग के शौकीन लोगों को पता है कि एक-एक आर्टवर्क को तैयार करने में कितना ज्यादा वक्त लगता है. इसमें एक ही ब्रश की सहायता से खूबसूरत रंगों की पेंटिंग सजाई जाती है लेकिन आज हम आपको जिस शख्स से मिलवाने जा रहे हैं, वो कुछ अलग ही है. वो एक नहीं दस-दस ब्रशेज़ से पेंटिंग बनाता है और फाइनल प्रोडक्ट ऐसा होता है कि आप दंग रह जाएंगे.

जिस कलाकार की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम है सर्गे फीलींजर (Serge Feeleenger).आर्टिस्ट के पास अलग ही किस्म का टैलेंट है. आमतौर पर लोग एक पेंटब्रश से चित्र बनाते हैं लेकिन ये आदमी 10-10 ब्रशेज़ से पेंटिंग करता है. बेलारूस के रहने वाले इस कलाकार ने दुनिया को चकित कर दिया है.

### दसों उंगलियों से पेंटिंग

सर्गे फीलींजर (Serge Feeleenger) ने कभी भी पेंटिंग नहीं सीखी लेकिन उनके बनाए आर्टवर्क ऐसे होते हैं कि देखकर कोई भी दंग रह जाए.



पेंटर बार-बार ब्रश बदलकर पेंट करने से तंग आ गया था, ऐसे में उसने पहले अपने दांयें हाथ में तीन ब्रश और बांए हाथ में 2 ब्रश ले लिए. फिर धीरे-धीरे हर उंगली में एक ब्रश सेट कर लिया. उन्हें ये काफी सुविधाजनक लगता है और उन्हें ब्रश बदलने में भी आराम रहता है.

### पेंटिंग टेक्निक है कमाल

पेंटर का कहना है कि दस ब्रशेज़ को एक साथ हैंडल करना उनके दिमाग को चैलेंज करने वाला टास्क है. इससे उनके दोनों दिमाग एक्टिव रहते हैं और वे ऐसी ज़बरदस्त ऑयल पेंटिंग बनाते हैं कि लोगों को यकीन नहीं होता कि ये इस अनोखी टेक्निक से बनाई गई है. उन्होंने जर्मनी, इटली और पोलैंड जैसी जगहों पर अपने स्किल को दिखाया भी है. वे अमेरिका में इसे प्रमोट भी कर रहे हैं.

# ठंड से बच्चों को कैसे बचाएं?

- डॉक्टर ने बताए 5 घरेलू उपाय



ठंड अपने साथ कई मुसीबतों को लेकर आती है. खासतौर पर बच्चों के लिए. इस मौसम में बच्चों को बचा कर रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता है. जैसे ही सर्दियों का मौसम शुरू होता है वैसे ही बच्चों में खांसी-जुकाम की समस्या बढ़ने लग जाती है. इससे निपटने के लिए ज्यादातर लोग बाजार की महंगी दवाओं का सहारा लेते हैं. लेकिन कई बार ये दवाएं भी काम नहीं आती हैं, ऐसे में कुछ घरेलू नुस्खे आपके काम आ सकते हैं. यदि आप चाहते हैं कि सर्दी में आपके बच्चे को दवाओं की जरूरत ही न पड़े और ठंड से बचे रहें तो आप इन नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं. आइए बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ के आयुर्वेदाचार्य डॉ. जितेंद्र शर्मा से जानते हैं कि इन घरेलू नुस्खों के बारे में-

**जादूई पोटली:** तवे पर करीब एक चम्मच अजवाइन और तीन चार लहसुन की कली काटकर उसे भून लें. ये धीमी आंच पर भूनें और थोड़ा ठंडा हो जाने पर इसे कॉटन के कपड़े में डालकर एक पोटली बना लें. सोते समय बच्चे के कंबल में इसे रख दें या उसकी बांह के आसपास रख दें. इससे ठंड से राहत मिलती है और जुकाम और जकड़न में मदद मिलती है.

**हल्दी-दूध और केसर:** आयुर्वेदाचार्य के मुताबिक, बच्चों को ठंड से बचाने के लिए हल्दी-दूध और केसर बेहद कारगर है. दरअसल, ये तीनों की चीजें शरीर को गर्म रखने का काम करती हैं. वैसे तो इन चीजों का स्वाद काफी कड़वा होता है, लेकिन यदि आप हल्दी को दूध में डालकर ठीक पका देंगे तो कड़वापन दूर हो जाएगा. इसके बाद इस दूध में केसर के कुछ स्ट्रैंड डालकर गुड़ मिलाकर बच्चों को दे सकते हैं. ऐसा करने बच्चे इसे आसानी से पी लेंगे.

**बादाम:** ठंड के मौसम में बादाम बच्चों के लिए एक औषधि के रूप में काम करता है. इसके नियमित सेवन करने से बच्चों के बीमार होने का खतरा कम होता है. इसके लिए रात में बादाम भिगों दें और सुबह ये बच्चे को घिस कर दे दें. इसके साथ ही आपर इसमें बच्चे की उम्र के हिसाब से 2-3 राउंड जायफल भी घिस सकते हैं. इसको दूध में केसर के साथ उबालकर देना अधिक फायदेमंद है.

**सरसों का तेल:** बच्चे को ठंड से बचाने के लिए सेंधा नमक और सरसों का तेल भी बेहद कारगर माना जाता है. इसके लिए आप एक पैन में शुद्ध सरसों के तेल में एक चम्मच अजवाइन, एक चम्मच मेथी, जरा सी हींग और कुछ कलियां लहसुन की उबाल लें. इसके बाद इस तेल को छान कर किसी बोतल में रख लें. अब आप इस तेल को रोज सोने से पहले बच्चे के तलवे और हथेलियों पर लगाएं.

**सेंधा नमक:** सर्दी में सेंधा नमक भी बच्चों के लिए काफी फायदेमंद होता है. इसके लिए सेंधा नमक और देशी घी को एक बाट पर लेकर महीन घिस लें. जब सेंधा नमक पिसकर क्रीम जैसे पेस्ट बन जाए तो इसे किसी कटोरी में ले लें. इसके बाद इसे बच्चे की छाती पर लगाएं. ऐसा करने से बच्चे को ठंड लगने का खतरा कम होता है. साथ ही कफ भी ढ़ीला पड़ता है.

## इम्यूनिटी बूस्टर है एप्पल बोर



- **कई बीमारियों के लिए रामबाण**
- **साल में सिर्फ दो महीने ही मिलेगा**

बाजार में सीजन के अनुसार कई तरह के फल आ रहे है. इन दिनों बीकानेर में फलों की बहार आई हुई है. ऐसा में एक ऐसा फल आया है जिसके खाने से शरीर में चीते जैसी स्फूर्ति बनी रहती है. हम बात कर रहे है एप्पल बोर की. इस एप्पल बोर की डिमांड भी खूब नजर आ रही है. इस सेब को गरीबों का सेब भी कहा जाता है. यह एप्पल बोर दिखने में एकदम सेब की तरह होता है. यह सेब बाहर से हरा और थोड़ा लाल रहता है. इसके साथ ही खाने में बड़ा स्वादिष्ट रहता है.

दुकानदार नरेश पंजाबी ने बताया कि बाजार में एप्पल बोर आए है. यह बाजार में 80 से 100 रुपए किलो बेचे जाते है. यह एप्पल बोर अभी गुजरात से आ रहे है. इन बोर का सीजन दो से तीन माह तक रहता है. सुबह से शाम तक इस बोर की लोग खरीदारी कर रहे है.

- **कई तरह के फायदे**

आयुर्वेदिक डॉक्टर रेणु स्वामी का कहना है कि एप्पल बोर सीजन का फल होता है जिसे खाने से कई तरह के फायदे होते है.इसमें विटामिन सी, ए, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, फास्फोरस, जिंक और साइट्रिक एसिड होता है. यह हड्डियों को कमजोर होने से रोकता है. इसमें नाइट्रिक ऑक्साइड होता है जो खून से सही से चलाने में मदद करता है. इसके अलावा ब्रेन को डेड होने से बचाता है. इसके साथ ही इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है.

## प्याज का पराठा

खाना-खजाना

### सामग्री

- गेहूं आटा- 2-3 कप
- प्याज- 2-3
- अदरक-लहसुन का पेस्ट- 2 टी स्पून
- लाल मिर्च पाउडर- 1 टी स्पून
- अजवाइन- 1/2 टी स्पून
- चाट मसाला- 1 टी स्पून
- घी- 4 टी स्पून
- हरी मिर्च- 3-4
- हरा धनिया कटा- 2 टेबलस्पून
- नमक- स्वादानुसार

### बनाने का तरीका

स्वादिष्ट प्याज का पराठा ब्रेकफास्ट के लिए एक परफेक्ट रेसिपी है. इसे बनाने के लिए सबसे पहले प्याज को पतले और लंबे आकार में लच्छेदार काटें. इसके बाद प्याज में अजवाइन, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च, हरा धनिया समेत अन्य सभी मसाले डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें और ढककर 10 मिनट के लिए अलग रख दें. अब एक बर्तन में गेहूं का आटा छानें और उसमें 1 चम्मच घी/तेल डालकर थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंथ लें.

आटा गूंथने के बाद उसकी



लोइयां बना लें और एक लोई को लेकर पहले रोटी जैसा बेल लें और उसके बाद प्याज की तैयार स्टफिंग में से थोड़ा सा मिश्रण निकालकर रोटी के बीच में रखें और चारों ओर से बंद कर दोबारा गोल बेल लें. ध्यान रखें कि पराठा ज्यादा पतला न हो. उसे बेलने के दौरान थोड़ा मोटा ही रहने दें. अब एक नॉनस्टिक तवे को मीडियम आंच पर गर्म करें. तवा गर्म होने के बाद उस पर थोड़ा सा घी डालकर चारों और फैलाएं, फिर बेला हुआ पराठा सेकने के लिए डाल दें. थोड़ी देर सिकने के बाद पराठा पलटें और ऊपर की ओर घी लगाएं. कुछ देर बाद पराठा फिर पलटें.

इसी तरह पराठे को दोनों ओर से सुनहरा होने तक सेकें. अब पराठा प्लेट में उतार लें. इसी प्रक्रिया का पालन करते हुए एक-एक कर सारे प्याज के पराठे तैयार कर लें. नाश्ते के लिए टेस्टी प्याज का पराठा बनकर तैयार है. अब आप इसे चटनी, सॉस या दही के साथ खा सकते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष :** सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मिथुन :** पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।

**सिंह :** कुसगंति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। सावधानी रखें।

**कन्या:** राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**तुला:** सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**वृश्चिक:** किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे।

**धनु:** शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा।

**कुंभ:** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन:** कुबुद्धि हावी रहेगी। चोट व रोग से बचें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री


# सर्दियों में ऐसे करें अपने फटे एड़ियों की देखभाल

- एक्सपर्ट से जानें आसान तरीका

महिलाएं अपने 16 श्रृंगार को लेकर काफी सजग रहती हैं. लेकिन जब फटी एड़ियों की बात आती हैं तो ऐसे में महिलाओं को थोड़ी शर्म महसूस होती हैं. वह क्रैक फीट को देखकर काफी चिंतित हो जाती है. पूर्णिया राजकीय मेडिकल कॉलेज के डर्मेटोलॉजिस्ट एक्सपर्ट डॉ. प्रेरणा कहती हैं कि ऐसे में महिलाओं को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए. डर्मेटोलॉजिस्ट एक्सपर्ट डॉ. प्रेरणा कहती है कि यह काफी आम समस्या हो गई है. ये समस्या सिर्फ महिलाओं में ही नहीं बल्कि पुरुषों में भी यह समस्याएं होती है. उन्होंने कहा 100 में 90 मरीज ऐसे आते हैं जो अपनी फ़टी एड़ियों को लेकर काफी परेशान रहते हैं.

- **इन बातों का रखें विशेष ख्याल**

डॉ. प्रेरणा कहती हैं कि लोग सस्ते के चक्कर में प्लास्टिक या रबड़ सहित अन्य चीजों के बनें स्लीपर या शूज का इस्तेमाल करते हैं. जिससे उन्हें नुकसान होता है. ऐसे में उन्होंने कहा कि सबसे



पहले लोगों को अपने फुटवियर या चप्पल का विशेष ध्यान रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि अच्छा स्लीपर और शूज पहने. गद्देदार और आरामदायक शूज स्लिपर्स पहनने चाहिये. अपने घरों में भी नहीं चले खाली पैर, उन्होंने कहा आप सिर्फ शुद्ध सूती कपड़े के बने मौजा को ही पहने.

- **इन चीजों से फायदा**

उन्होंने कहा आप अपने फटे एड़ियों पर मॉ इ श्च रा इ जे श न लगाकर ग्लिसरीन मिला हुआ प्रयोग करें. डॉ प्रेरणा कहती हैं कि इसको लगाने का तरीका आसान है. इस क्रीम को तीन-चार बार लगाना चाहिए.

- **क्रीम लगाने की विधि**

डॉ. प्रेरणा ने कहा कि सबसे पहले एक बर्तन में गुनगुना पानी लें. उस पानी में अपने फटे एड़ियों कुछ मिनटों के लिए डुबोकर रखे. फिर पैर को बाहर निकालकर साफ तौलिया से पोंछे और अपने एड़ियों को पूरी तरह साफ करें और फिर उसमें वह मॉइस्चराइजर क्रीम को लगाये. जिससे वह क्रीम आपकी स्किन तक आसानी से लगेगा.

फिर उसके बाद थोड़ी देर बाद आप कॉटन मौजा पहनें इसके बाद आपका पैर निश्चित ही ठीक हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इतना होने के बाद अगर आपका सुधार नहीं होता है तो फिर आप सीनियर डर्मेटोलॉजिस्ट से जाकर मिले.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से 30 लोग दबे, दो मजदूरों की मौत

**महराजगंज.** महराजगंज जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कोल्हुई थाना क्षेत्र के रुदलापुर गांव में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से 30 लोग दब गए। इस घटना में दो मजदूर की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। मृतकों की पहचान नीरज (20) निवासी बेलवा खुर्द और दूसरा पिपरा परसीनी निवासी ऐश कुमार (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई है।

### मनचले युवक ने छात्रा पर पेट्रोल छिड़कर लगाई आग... चेहरा, हाथ और सीना झुलसा

**अयोध्या.** अयोध्या जिले के थाना तारुन अंतर्गत गोसाईगंज मार्ग पर बुधवार की सुबह एक मनचले ने कक्षा 11 की 17 वर्षीय छात्रा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। छात्रा ने किसी तरह तालाब में कूद कर अपनी जान बचाई। छात्रा का हाथ, चेहरा व सीना झुलस गया है। उसे इलाज के लिए दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मनचले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार तारुन के जाजपुर गोड़वा निवासी युवक आसू (20) कई महीनों से छात्रा के पीछे पड़ा हुआ था। वह उसे अपने प्रेम जाल में फंसाना चाहता था। वह फोन के माध्यम से भी उसे परेशान करता था लेकिन छात्रा ने उससे दूरी बना रखी थी। इससे नाराज आसू ने बुधवार सुबह उसका पीछा किया और स्कूल से करीब 200 मीटर पहले प्लास्टिक की बोतल में भरा पेट्रोल उसके ऊपर छिड़ककर आग लगा दी। दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ अभिषेक विश्वास ने बताया कि छात्रा का चेहरा, हाथ व सीना आंशिक रूप से झुलस गया है।

### लखनऊ में लापता ट्रांसपोर्टर की गोली लगने से मौत, हत्या या खुदकुशी में उलझी पुलिस

**लखनऊ.** लखनऊ के इंदिरानगर से लापता एक ट्रांसपोर्टर की गोली लगने से मौत हो गई। बुधवार दोपहर गाजीपुर इलाके में कल्याण अपार्टमेंट के पीछे ट्रांसपोर्टर का शव पड़ा मिला। सिर में गोली लगने के निशान मिले। पास में ही उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या और खुदकुशी के पहलू पर तफ्तीश की जा रही है। इंदिरा नगर के अवरार नगर निवासी खिजिर सिद्दीकी (55) पेशे से ट्रांसपोर्टर थे। परिजनों के मुताबिक मंगलवार शाम करीब चार बजे वह घर से निकले थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे थे। मोबाइल, पर्स आदि घर पर ही छोड़ गए थे। बुधवार दोपहर करीब एक बजे कल्याण अपार्टमेंट के पीछे नाले के पास खिजिर का शव पड़ा मिला।


### विजिलेंस टीम ने अधिशासी अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

**आगरा.** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार को विजिलेंस टीम ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिशासी अभियंता शरद सौरभ गिरी 50 हजार की रिश्वत ले रहे थे। शरद ने ठेकेदार से बिल पास करने के नाम पर रकम की मांग की थी। इसकी शिकायत ठेकेदार ने विजिलेंस टीम से की थी। ठेकेदार की शिकायत पर विजिलेंस ने अपना जाल बिछाया। इसमें शरद फंस गए। टीम ने आरोपी अधिशासी अभियंता को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में विजिलेंस की ओर से मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

# भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल की भारत न्याय यात्रा

- 14 जनवरी से 20 मार्च तक चलेगी
- मणिपुर से मुंबई तक 14 राज्य 6200 KM का सफर
- मल्लिकार्जुन खड़गे न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे

भारत न्याय यात्रा




**नई दिल्ली.** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे। यह 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी। इस दौरान यात्रा 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी। इस दौरान राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश ने बुधवार को पार्टी हेडक्वार्टर में मीडिया को बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस पार्टी भारत न्याय यात्रा करेगी।

यह मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में समाप्त होगी।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। भारत न्याय यात्रा का मकसद आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय है। इस यात्रा में राहुल युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर पड़े लोगों से मुलाकात करेंगे। बस यात्रा से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा जाएगा। यात्रा में कुछ छोटे हिस्से को रुक-रुक कर पैदल भी कवर किया जाएगा। इसके अलावा 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी नागपुर में महारैली करेगी। इसका नाम है- हैं तैयार हम। इस महारैली से 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा।

### भारत जोड़ो यात्रा कर चुके हैं राहुल

इससे पहले राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक भारत जोड़ो यात्रा की थी। 145 दिनों की यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू होकर जम्मू-कश्मीर में खत्म हुई थी। तब राहुल ने 3570 किलोमीटर की यात्रा में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। श्रीनगर में यात्रा के समापन के मौके पर शेर-ए-कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में राहुल ने कहा था- मैंने यह यात्रा अपने लिए या कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि देश की जनता के लिए की है। हमारा उद्देश्य उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा होना है जो इस देश की नींव को नष्ट करना चाहती है। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सभाओं को संबोधित किया था, 100 से ज्यादा बैठकें और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस की थीं। उन्होंने चलते हुए 275 से ज्यादा चर्चाओं में हिस्सा लिया, जबकि कहीं रुककर 100 के करीब चर्चाएं कीं।

NSG-NIA इजराइली एम्बेसी पहुंचीं

# CCTV में 2 संदिग्ध दिखे

- इजराइल के झंडे में लिपटा हुआ लेटर मिला
- एम्बेसी से 260 मीटर दूर हुआ था धमाका



**नई दिल्ली.** दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइली एम्बेसी के पास लो इंटेंसिटी के धमाके मामले में आज बुधवार को NIA एक्टिव हो गई है। NIA ने इजराइली एम्बेसी पहुंचकर सबूत जुटाए। इसके अलावा NSG के जवान भी फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ इजराइली एम्बेसी पहुंचे। जांच के दौरान पता चला है कि धमाका एम्बेसी से 260 मीटर नंदास हाउस के गेट नंबर -4 पर हुआ था और इस जगह पर कोई CCTV कैमरा नहीं लगा था।

उधर, पुलिस को एम्बेसी के पास का एक CCTV फुटेज मिला है। ANI के मुताबिक, इसमें दो संदिग्ध लोग दिखे हैं। पुलिस दोनों को ट्रैक करने में जुटी हुई है।

PTI के मुताबिक पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो लोग धमाके वाले स्पॉट पर दिखे हैं, लेकिन वह संदिग्ध हैं या नहीं, इसे लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। दिल्ली पुलिस को मौके से लेटर भी मिला, जो इजराइल के झंडे में लिपटा हुआ था। यह इंग्लिश भाषा में लिखा एक पेज का लेटर था, जो 'सर अल्लाह रेजिस्टेंस' ग्रुप से जुड़ा हुआ है। इसमें जियोनिस्ट, गाजा, फिलिस्तीन शब्द लिखे गए हैं।

वहीं, ANI के मुताबिक लेटर में 'इजराइल का गाजा पर अटैक', 'रिवेंज' (बदला) की बात लिखी गई है। लेटर में इजराइल के गाजा पर एक्शन की आलोचना भी की गई है।

इसके अलावा, इजराइल ने सुरक्षा एडवाइजरी भी जारी की है। इसमें भारत में रह रहे अपने नागरिकों को भीड़ वाले इलाकों में जाने से मना किया है।

# शिवराज की CM हाउस से विदाई

- साढ़े 16 साल रहे
- भावुक दिखे कर्मचारी
- नए बंगले पर पत्नी ने उतारी आरती

**भोपाल.** 18 साल तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को CM हाउस खाली कर दिया। वे लिंक रोड पर 74 बंगला स्थित B-8 में शिफ्ट हो गए हैं। यहां पत्नी साधना सिंह ने तिलक और आरती उतारकर उनका स्वागत किया। शिवराज ने CM हाउस खाली करने से पहले यहां स्थित मंदिर में पूजा की। गोशाला में गोमाता के दर्शन किए। मुख्यमंत्री आवास में तैनात कर्मचारी पूर्व CM को विदा करते समय भावुक हो गए। शिवराज सिंह चौहान दो बार में करीब साढ़े 16 साल तक भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित सीएम हाउस में रहे।


### कहा- जनता की सेवा करता रहूंगा

चौहान परिवार एक कार में रवाना हुआ, जिसे बड़े बेटे कार्तिकेय ड्राइव करते हुए ले गए। CM हाउस खाली करते हुए शिवराज ने कहा, 'कई स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। मोहन यादव और उनकी टीम को बधाई। मध्यप्रदेश की जनता मेरा परिवार है। मामा और भैया परमानेंट है। जनता की सेवा करता रहूंगा।'

# 8 राज्यों में JN.1 वैरिएंट के अब तक 109 केस

- 24 घंटे में अकेले गुजरात में 36 मरीज मिले
- देशभर में आज 529 पॉजिटिव मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली.** कोरोना का नया वैरिएंट JN.1 देश के 8 राज्यों में फैल चुका है। अब तक देशभर में इसके कुल 109 केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे में ही इस वैरिएंट के 40 मरीज मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 गुजरात में पाए गए।




इधर, देशभर में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 529 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे।

देश में कुल एक्टिव केस की संख्या 4093 हो गई है। यानी इन मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से केरल में सबसे ज्यादा 353, कर्नाटक में 74 और महाराष्ट्र में 37 संक्रमित हैं।

फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में हैं। नया वैरिएंट आने के बाद भी हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### राजस्थान में नए वैरिएंट की एंट्री

राजस्थान में भी कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 की एंट्री हो गई है। बुधवार 27 दिसंबर को जीनोम सिक्वेंसिंग में 4 मरीजों में नया सब वैरिएंट मिला है। अजमेर, दौसा, झुंझुनूं और भरतपुर के 1-1 मरीजों में यह वैरिएंट मिला है।

# राम मंदिर उद्घाटन में नहीं आएंगी ममता बनर्जी

**नीतीश-लालू के भी शामिल नहीं होने की आशंका, सीताराम येचुरी पहले ही ठुकरा चुके निमंत्रण**

**अयोध्या.** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस (TMC) की ओर से कार्यक्रम में कोई शिरकत नहीं करेगा। हालांकि, TMC की ओर से आधिकारिक तौर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।



तृणमूल कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पॉलिटिकल इवेंट कह रहे हैं। उनका मानना है कि बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव अभियान के लिए राममंदिर को एक स्प्रिंगबोर्ड की तरह इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए पार्टी इस इवेंट से दूरी बना रही है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी मुख्यमंत्रियों और बड़े नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में कौन से नेता शामिल होंगे, यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। चर्चा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे।

### डिंपल यादव बोलीं- इनवाइट किया तो जरूर जाऊंगी

समाजवादी पार्टी की नेता डिंपल यादव ने कहा कि अगर उन्हें आमंत्रित किया गया तो वे जरूरी जाएंगीं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हेल्थ इश्यू की वजह से इवेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। मंदिर ट्रस्ट ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी निमंत्रण भेजा है। हालांकि, इन नेताओं ने अभी तक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हामी नहीं भरी है।

### सीताराम येचुरी ने निमंत्रण ठुकरा दिया

CPI (M) के महासचिव सीताराम येचुरी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। उन्होंने कहा- धर्म व्यक्तिगत पसंद है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उनकी पार्टी ने एक्स पर पोस्ट कर धार्मिक कार्यक्रम को स्टेट स्पॉन्सर्ड इवेंट बनाने के लिए भाजपा और आरएसएस की निंदा की।

# राजस्थान में 450 रुपए में सिलेंडर!

**जयपुर.** राजस्थान में उज्ज्वला और बीपीएल गैस कनेक्शनधारियों के लिए अच्छी खबर है। भजनलाल सरकार 1 जनवरी से इन कनेक्शनधारियों को एलपीजी सिलेंडर 450 रुपए में देगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को टोंक में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री बुधवार को टोंक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए।

भजनलाल सरकार ने इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का नाम बदलकर अब रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना कर दिया है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।

# फ्रांस में रोके गए प्लेन में थे 21 गुजराती

**सभी मेहसाणा जिले के, यहां के 4 गांवों की आधी से ज्यादा आबादी पहुंची US**

**नई दिल्ली.** मानव तस्करी के शक में फ्रांस में रोके गए 276 भारतीयों वाला प्लेन मंगलवार को भारत पहुंच गया। प्लेन में सवार पैसेंजर्स में 21 गुजराती भी हैं, जो ट्रेन से आज अहमदाबाद पहुंचेंगे। ये सभी मेहसाणा जिले के आसपास के गांवों के रहने वाले हैं।



हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका में घुसपैठ करने की कोशिश करने वालों में गुजरातियों का नाम आया हो। अमेरिका जाने वालों में पहले नंबर पर उत्तर गुजरात के मेहसाणा जिले का नाम आता है। यहां के अखज, सालडी, वडस्मा, लांघणज जैसे चार गांवों में तो युवा आबादी ही नहीं बची है।

यहां के ज्यादातर लोग विदेश शिफ्ट हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा लोग अमेरिका ही गए हैं। हालांकि गांव के लोग खुलकर यह नहीं बताते कि ज्यादातर लोग वैध या अवैध रूप से अमेरिका पहुंचे हैं। कुछ लोगों ने अपनी पहचान छिपाकर बताया कि एजेंट्स की मदद से यहां के लोगों का अमेरिका जाना कोई नहीं बात नहीं है। फ्रांस में पकड़ाई फ्लाइट भी कोई बड़ी बात नहीं है, क्योंकि अमेरिका में घुसपैठ करने वालों को ले जानी वाली ऐसी फ्लाइट तो हर हफ्ते उड़ती है।

### फ्रांस की घटना को ज्यादा ही तूल दिया जा रहा

अखज गांव के निवासी और तालुका पंचायत के सदस्य दिनेश सुथार ने बताया कि फ्रांस में पकड़े गए प्लेन की खबर के बारे में गांव के हर शख्स को पता है, क्योंकि इस फ्लाइट में आसपास के ही गांव के लोग थे, लेकिन वे अवैध रूप से नहीं, बल्कि कानूनी तरीके से अमेरिका जा रहे थे। दुबई से निकारागुआ जा रहा यह प्लेन ईंधन भरने के लिए फ्रांसीसी हवाई अड्डे पर उतरा था।

# अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या



- IPL 2024 तक हो सकते हैं फिट
- 11 जनवरी से खेली जाएगी टी-20 सीरीज

हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल सकेंगे। भारत को अगले साल 11 जनवरी से अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज खेलनी है।

सूत्रों ने बताया, हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। हालांकि उनके इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 से पहले फिट होने की संभावना है।

### वर्ल्ड कप में चोटिल हुए थे पंड्या

पंड्या वर्ल्ड कप 2023 में चोटिल होकर बाहर हो गए थे। टूर्नामेंट के एक मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में वो चोटिल हो गए थे। मैच के 9वें ओवर की तीसरी बॉल पर उनका टखना मुड़ गया था। वह क्रीज पर ही बैठ गए। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था।

### तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच 17 जनवरी को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है।

### मुंबई इंडियंस के कप्तान होंगे हार्दिक

भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। वे MI को 5 खिताब दिला चुके रोहित शर्मा की जगह लेंगे। मुंबई इंडियन ने इसकी जानकारी प्रेस रिलीज जारी कर दी।

# 2024 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर होंगे तीन जज

- CJI चंद्रचूड़ की भी होगी विदाई

**नई दिल्ली.** अगले साल काफी कुछ होने वाला है। पॉलिटिक्स में जहां एक बार फिर से पांच साल बाद लोकसभा चुनाव होगा, तो कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी कई जज रिटायर होंगे। अगले साल 2024 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों का रिटायरमेंट होना है। इसके अलावा, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) डी वाई चंद्रचूड़ भी रिटायर होने वाले हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग मामलों की बात करें तो उसकी संख्या 80 हजार हो गई है। ऐसे में खाली होने वाले पदों को भरना काफी जरूरी हो जाएगा।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में कुल जजों की संख्या की बात करें तो वह 34 है। इसमें से दिसंबर के तीसरे हफ्ते में जस्टिस संजय किशन कौल पहले ही रिटायर हो चुके हैं, जिससे एक पद खाली हो गया है। अगले साल तीन जजों का रिटायरमेंट होना है। इसमें पहले नंबर पर जस्टिस अनिरुद्ध बोस हैं, जिनका रिटायरमेंट अप्रैल महीने में होगा। इसके बाद मई महीने में जस्टिस एएस बोपन्ना और फिर सितंबर महीने में जस्टिस हिमा कोहली रिटायर होंगी। इस तरह तीन जजों के रिटायरमेंट का समय तय हो चुका है। जस्टिस हिमा कोहली के रिटायरमेंट के साथ ही, सुप्रीम कोर्ट में दो महिला जज बचेंगी। 2024 में रिटायर होने वाले जजों में सभी ने अधिकतम चार साल तक ही सुप्रीम कोर्ट में बिताए हैं। अगले साल सुप्रीम कोर्ट से जो सबसे बड़ा रिटायरमेंट होना है, वह कोई और नहीं, बल्कि खुद चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया चंद्रचूड़ हैं। डीवाई चंद्रचूड़ सीजेआई बनने के बाद से ही काफी लोकप्रिय रहे हैं। उनके फैसलों, सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियों की बहुत चर्चाएं होती रही हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ का कार्यकाल नवंबर महीने में खत्म हो जाएगा। इसके बाद देश के अगले सीजेआई संजीव खन्ना होंगे, जोकि 11 नवंबर, 2024 से 13 मई, 2025 तक पद पर रहेंगे।

### इस साल सुनाए कई अहम फैसले

सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के वर्ष 2023 में कई बड़े फैसले सुनाए, जिनमें जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने, नोटबंदी संबंधी केंद्र के निर्णयों का बरकरार रखना तथा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किए जाने जैसे निर्णय शामिल हैं।

# JDU में शामिल हो सकते हैं उपेंद्र कुशवाहा

**नेताओं के साथ हुई कई राउंड बैठक, नीतीश कुमार का भरोसा चाहते हैं कुशवाहा**

**पटना.** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा तेज है कि JDU के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने CM नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंप दिया है। 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस पर औपचारिक मुहर लग जाने की संभावना है।

सूत्रों की मानें तो कभी नीतीश के करीबी रहे रालोजद प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की एक साल के भीतर जदयू में वापसी हो सकती है। हालिया कुछ दिनों में उपेंद्र कुशवाहा और जदयू के नेताओं के बीच कई राउंड बैठक हुई है, लेकिन उपेंद्र कुशवाहा नीतीश कुमार का भरोसा चाहते हैं।



### क्यों जदयू में वापस हो सकते हैं कुशवाहा

सूत्रों की मानें तो अभी तक एनडीए में ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उपेंद्र कुशवाहा को कितनी सीटें मिलेंगी? चर्चा है कि ये अपने लिए 3 सीटें मांग रहे हैं, लेकिन बीजेपी की तरफ से 1-2 सीटों पर बार्गेनिंग चल रही है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा की वो मंशा भी पूरी होती हुई दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में उन्हें इस मौके पर जेडीयू का ऑफर फायदे का सौदा लग रहा है।

### नीतीश की जरूरत क्यों हैं कुशवाहा

लव-कुश (कोइरी-कुर्मी) नीतीश कुमार के कोर वोटर माने जाते हैं। सियासी जानकार की मानें तो उपेंद्र कुशवाहा के अलग होने से उन्हें इस वर्ग का एक बड़ा डेंट लगेगा। ये नीतीश कुमार भी समझते हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर से डैमेज कंट्रोल करना चाहते हैं।

# पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री की गिरफ्तारी

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के नेता शाह महमूद कुरैशी की बुधवार को गिरफ्तारी का वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, कुरैशी सीक्रेट लेटर केस (सायफर) में जेल में थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पिछले हफ्ते बेल दी थी। बुधवार को रिहाई के वक्त वो जेल के गेट पर पहुंचे तो वहां पुलिस मौजूद थी। कुरैशी मीडिया को करीब बुलाकर भाषण देने लगे। पुलिस अफसरों से यह बर्दाश्त नहीं हुआ और वो कुरैशी को दौड़ाते और करीब-करीब घसीटते हुए वैन तक ले गए।

# बिहार में गंगा नदी पर बनेगा 6 लेन केबल ब्रिज

- इसके नीचे से बड़े जहाज गुजर सकेंगे
- त्रिपुरा में ढाई हजार करोड़ के रोड प्रोजेक्ट को मंजूरी



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने 27 दिसंबर (बुधवार) को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि बिहार में दीघा से सोनपुर जिले के बीच गंगा नदी पर 6 लेन केबल ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। 4.56 किमी लंबा यह पुल 42 महीने में बनकर तैयार होगा। इसे बनाने में 3064 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बड़ी बात ये है कि पुल के नीचे से बड़े जहाज भी आसानी से गुजर सकेंगे, जिससे देश में अंतर्देशीय जल परिवहन को मदद मिलेगी। इसके अलावा बैठक में सड़क और परिवहन मंत्रालय से जुड़े निर्णय लिए गए हैं, जो त्रिपुरा और असम के लिए अहम हैं। त्रिपुरा में खोवाई से हरिना तक 134.9 किमी लंबी दो सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण को मंजूरी मिली। 20487 करोड़ रुपए की लागत से यह प्रोजेक्ट 25 महीने में पूरा होगा। इस प्रोजेक्ट के पूरे होने पर असम और त्रिपुरा के बीच परिवहन और सुविधाजनक हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट उत्तर त्रिपुरा को दक्षिण त्रिपुरा से जोड़ने का प्रयास है। यह प्रोजेक्ट बांग्लादेश सीमा के बहुत करीब से गुजरेगा, जिससे कैलाशहर, कमालपुर और खोवाई सीमा चेक पोस्ट के माध्यम से बांग्लादेश से कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

**आम सूचना**

मैं श्री रफीउल्लाह अलीरजा कादरी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रूम, 300 चौ.फुट, हरिओम दुर्गा माता मंदिर, बैरक नं. 588 के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 19बीओ022231900) उक्त प्रॉपर्टी श्री रीजवान अली रमजान अली के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.12.2023 सी.नं.2429/2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री रफीउल्लाह अलीरजा कादरी

## संक्षेप...

### पावरलूम कारखाने में लगी आग

**भिवंडी.** भिवंडी गौरीपाड़ा आसमा मस्जिद के पास स्थित पावरलूम कारखाने में दोपहर को अचानक सर्किट से आग लग गई. आग लगते ही पावरलूम मजदूरों सहित आसपास के लोगों ने दौड़कर पानी डाल कर फौरन आग को बुझा दिया जिससे कोई नुकसान होने से बच गया.

मिली जानकारी के अनुसार गौरीपाड़ा आसमा मस्जिद के पास उमर पठान के पावरलूम कारखाने में दोपहर करीब 2 बजे अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई. आग लगते ही पावरलूम महीनों पर काम कर रहे मजदूर एवं आसपास के लोगो ने तत्परता से दौड़कर पानी डालकर आग को आगे बढ़ने से रोक लिया.आग से कोई नुकसान नही होने से लोगों ने राहत की सांस ली.

# ठाणे में 19 साल की लड़की ने 31वीं मंजिल से लगाई छलांग

## ■ जांच में चौंका देने वाला खुलासा



**ठाणे.** ठाणे में एक 19 वर्षीय लड़की ने मानपाडा इलाके में 31वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि लड़की कामकाज और पढ़ाई के लिए उत्तर प्रदेश से यहां आई थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, युवती अपने गांव से शहर आने के बाद से ही खुश नहीं थी और संभवतः उसने यह चरम कदम उठाया। इस मामले में चितलसर थाने में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को लड़की ने घोडबंदर रोड के मानपाडा इलाके में नीलकंठ ग्रीन इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक लड़की का नाम वर्षा उपाध्याय है, वह छह महीने पहले उत्तर प्रदेश स्थित अपने पैतृक गांव से इस इमारत की 31वीं मंजिल पर अपने रिश्तेदारों के साथ रहने आई थीं। वर्षा 11वीं कक्षा में पढ़ने के साथ ही रिश्तेदार के घर का काम भी किया करती थी। कुछ दिन पहले ही उसने गांव में रह रही अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह शहर में नहीं रहना चाहती है. लेकिन उसकी मां ने अच्छी पढ़ाई के लिए गांव वापस नहीं आने के लिए कहा।

रविवार को उसने अपनी मां को फोन किया। लेकिन मां ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उसने मामा से संपर्क की कोशिश की। आखिरकार उसने सोमवार की सुबह घर की बालकनी से कूदकर अपनी जान दे दी। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गयी।

मृतक वर्षा के पिता का कुछ महीने पहले निधन हो गया था। उसके घर की हालत खराब है। उसकी दो छोटी बहनें और मां उत्तर प्रदेश के खोजतपुर गांव में रहती हैं। वर्षा अपने गांव में 11वीं कक्षा में फेल हो गई थीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोलसेवाड़ी से पकड़ा गया तड़ीपार अपराधी

**कल्याण.** कोलसेवाडी पुलिस ने एक तड़ीपार अपराधी को फिर से गिरफ्तार कर लिया है, जिसका नाम सूरज उर्फ कान्तया शेडगे बताया गया है।

26 वर्षीय सूरज कल्याण पूर्व के कोलसेवाड़ी का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल 2023 को परिमंडल-3 के पुलिस उपायुक्त द्वारा सूरज की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे 18 महीने के लिए कल्याण, भिवंडी सहित ठाणे जिले से तड़ीपार किया गया था। पुलिस की मंजूरी के बिना शहर में दाखिल होने पर पाबंदी होने के बावजूद सूरज खुलेआम घूमता हुआ पाया गया।

कोलसेवाड़ी पुलिस ने सूरज को कोलसेवाड़ी स्थित पुरानी जनता बैंक के पास से गिरफ्तार किया। सूरज के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 10 साल की बेटी के साथ रेप का मामला

# पिता ही निकला हैवान



**भिवंडी.** भिवंडी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 10 साल की बेटी से रेप के मामले में उसके सौतेले पिता को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पिता की उम्र 24 साल है और पीड़ित उसकी दूसरी पत्नी की बेटी है।

पुलिस ने 24 साल के एक शख्स को अपनी दूसरी पत्नी की 10 साल की बेटी से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने शुरुआत में यह दावा कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की कि नाबालिग का 24 दिसंबर को तीन लोगों ने अपहरण कर लिया था और भिवंडी तालुका के एक गांव में उसके साथ बलात्कार किया था।

पुलिस ने बच्ची के अपहरण और बलात्कार के मामले में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून की विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी। हालांकि, पुलिस को व्यक्ति के बयान में विसंगतियां मिलीं और पूछताछ के दौरान उसने सच उगल दिया।

अधिकारी ने कहा, ''आरोपी शख्स ने अपने घर में 10 वर्षीय बच्ची से उस वक्त बलात्कार किया, जब उसकी मां घर पर नहीं थी और उसे भ्रामक बयान देने के लिए कहा था।'' उन्होंने बताया कि आरोपी को दो जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# न्यू ईयर की रात मुंबई में चलेंगी स्पेशल लोकल ट्रेनें

## ■ जश्न मनाने वालों को नहीं होगी परेशानी

**मुंबई.** मुंबईवासी इस साल देर रात तक न्यू ईयर का जश्न मना सकते हैं। नए साल के मौके पर पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे ने रात में स्पेशल लोकल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। रेलवे ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए 31 दिसंबर 2023 और 1 जनवरी 2024 की मध्यरात्रि के दौरान विशेष लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

नए साल के जश्न के अवसर पर लोगों की सुविधा के लिए वेस्टर्न लाइन, सेंट्रल लाइन और हार्बर लाइन पर कई स्पेशल लोकल ट्रेनें चलेंगी। पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे ने इन लोकल ट्रेनों का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। ये सभी विशेष उपनगरीय ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।



### मेन लाइन (मध्य रेलवे)

स्पेशल लोकल ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) से आधी रात के बाद 01.30 बजे निकलेगी और 03.00 बजे कल्याण पहुंचेगी। जबकि एक विशेष लोकल ट्रेन कल्याण से रात 01.30 बजे छूटेगी और 03.00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।

### हार्बर लाइन

स्पेशल लोकल ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 01.30 बजे निकलेगी और 02.50 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी। वहीं, एक स्पेशल लोकल ट्रेन पनवेल से रात 01.30 बजे प्रस्थान करेगी और 02.50 बजे मुंबई के सीएसएमटी स्टेशन पहुंचेगी।

### पश्चिम रेलवे

पश्चिम रेलवे ने नए साल के मौके पर देर रात स्पेशल लोकल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसके तहत 31 दिसंबर/1 जनवरी की दरमियानी रात को चार अतिरिक्त लोकल ट्रेनों की घोषणा की गई है।

# धामणकर नाका से मंडई शुरू हुआ सीसी रोड निर्माण

## ■ मनपा अधिकारियों की रोड वाइंडिंग को लेकर लापरवाही उजागर

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भाजपा विधायक महेश चौगुले के प्रयासों से एमएमआर डीए द्वारा 17 करोड रुपए की निधि से धामणकर नाका से मंडई, तीन बत्ती, स्व.आनंद दिघे चौक तक करीब 3.5 किमी.सीसी मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है. सीसी मार्ग निर्माण के लिए हुई रोड वाइंडिंग में मनपा अधिकारियों द्वारा की जा रही लापरवाही से नागरिकों में नाराजगी फैल रही है. शहर के जागरूक नागरिकों ने मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य से सीसी रोड निर्माण हो रहे मार्गों की बाइंडिंग डीपी प्लान के तहत किए जाने की अपील की है.

गौरतलब हो कि,एमएमआरडीए द्वारा धामणकर नाका से मंडई, तीन बत्ती, स्व.आनंद दिघे चौक तक सीसी मार्ग निर्माण कार्य शुरू किया गया है. भाजपा विधायक महेश चौगुले के प्रयासों से 17 करोड रुपए की निधि से शुरू करीब 3.5 किलोमीटर लंबे सीसी मार्ग का कार्य धामणकर नाका तक से जोरों से शुरू है. क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि, मनपा नगर रचना विभाग एवम वार्ड अधिकारी की मिलीभगत से आर्थिक फायदे को ध्यान में रखकर की जा रही रोड वाइंडिंग का कार्य डीपी प्लान प्रमाण के तहत नहीं किए जाने से सीसी मार्ग की चौड़ाई कम होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है. सीसी मार्ग निर्माण के लिए समुचित तरीके से रोड वाइंडिंग नहीं किए जाने और कुछ हिस्सा छोड़ दिए जाने से जागरूक नागरिकों में नाराजगी फैली है. जागरूक नागरिकों का कहना है कि धामणकर नाका से शुरू सीसी मार्ग रोड बाइंडिग का कुछ हिस्सा मनपा अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव में छोड़ दिया है जिससे सीसी मार्ग निर्माण की चौड़ाई बाधित होने के आसार हैं.

### रोड बाइंडिंग से कोई समझौता नहीं

सीसी मार्ग निर्माण को लेकर भाजपा विधायक महेश चौगुले का स्पष्ट कहना है कि, सीसी मार्ग निर्माण में आने वाले सभी मार्गों की रोड वाइंडिंग डीपी नियम कायदा के अनुसार मनपा को करना चाहिए. सीसी निर्माण होने वाले रोड के दोनों तरफ मार्किंग कर मनपा को मार्ग निर्माण की हद में आने वाले दुकान, मकान को नोटिस देकर तोड़ना चाहिए अन्यथा संबंधित लोगों को तोड़कर निष्कासित किए जाने का निर्देश देना चाहिए. भाजपा विधायक चौगुले ने मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य को धामणकर नाका से मंडई, तीन बत्ती, स्व.आनंद दिघे चौक तक डीपी के तहत ही संपूर्ण रोड वाइंडिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं. भाजपा विधायक चौगुले के निर्देश के बावजूद नगर रचना विभाग अधिकारी रोड बाइंडिंग करते समय रिश्वत लेकर कुछ मकानों, दुकानों को बचाने की जुगाड़ में लगे हैं.

> सीसी मार्ग निर्माण अंतर्गत होने वाली रोड वाइंडिंग डीपी नियम कायदा के तहत होना बेहद जरूरी है. संबंधित अधिकारियों को डीपी प्लान के तहत रोड बाइंडिंग के आदेश दिए हैं. रोड वाइंडिंग में लापरवाही एवम भ्रष्टाचार की शिकायत पर नगर रचना विभाग एवम क्षेत्रीय वार्ड अधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई होगी.
>
> -अजय वैद्य..

# स्वच्छता व अवैध अतिक्रमण को लेकर सपा विधायक मुखर

## ■ मनपा आयुक्त को पत्र देकर कड़क एक्शन की मांग

उल्हास विकास संवाददाता



### स्वच्छता कार्यों को दे रहे प्राथमिकता

आयुक्त अजय वैद्य ने बताया कि,शहर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.सफाई कर्मचारी की रोज हाजिरी ली जा रही है. कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है. नागरिकों की जानकारी के लिए प्रभाग स्तर पर प्रत्येक वार्ड के सफाई कर्मचारियों की सूची प्रकाशित की जाएगी. कचरा ढुलाई ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू है. शहर स्वच्छता के लिए नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है.

**भिवंडी.** नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान नहीं होने तथा शहर की ठीक से साफ सफाई नहीं होने से आक्रोशित सपा विधायक रईस शेख ने सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं के साथ आयुक्त अजय वैद्य के साथ बैठक की. शहर की सफाई न होने एवम नागरिकों की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए निवेदन पत्र सौंपा.

विधायक शेख ने आयुक्त अजय वैद्य से बातचीत में आरोप लगाया कि, नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में मनपा प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है. शहर की सफाई नहीं होने से कचरे के ढेर से कीड़े निकलना शुरू कर दिया है.

विधायक ने आरोग्य विभाग कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि, पैसा लेकर सफाई कर्मी होटल से कचरा उठाते है किन्तु कचरा कुंडी में जमा कचरा नहीं उठाते हैं. शहर की आबोहवा को प्रदूषित कर रहे मोबाइल टावरों की वैधता और शहर को बदसूरत करने वाले अवैध पोस्टर,बैनर पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि, समूचे शहर में 500 से लेकर 700 मोबाइल टॉवर है लेकिन 70 मोबाइल टॉवर मालिकों ने टॉवर लगाने के लिए अनुमति ली है. बिजली पोल, उड़ानपुल के खंबों, नुक्कड़ चौराहों पर सैकड़ों बैनर पोस्टर लगे हुए है. मनपा आयुक्त सभागृह में हुई बैठक में आयुक्त अजय वैद्य, अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, शहर अभियंता सुरेश भट्ट, जलापूर्ति विभाग अभियंता संदीप पटनावर, आरोग्य सहायक आयुक्त फैसल तातली, कनिष्ठ इंजिनियर वसीम शेख, आरोग्य अधिकारी जें.एम.सोनवणे आदि अधिकारी मौजूद थे.

# मदरसों को आधुनिक बनाने के लिए 10-10 लाख रुपये मंजूर



**मुंबई.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र में पंजीकृत 121 मदरसों को आधुनिक बनाने के लिए 10-10 लाख रुपये देने का फैसला किया है। साथ ही मदरसों में साइंस और मैथ्स को अनिवार्य विषय बनाने पर भी काम किया जा रहा है। यह फंड डॉक्टर जाकिर हुसैन मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत जारी किए जाएंगे।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी मदरसों में लाइब्रेरियों की स्थापना, शिक्षकों की सैलरी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम होगा। राज्य सरकार से फंड चाहने वाले मदरसों को वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड होना होगा।

साथ ही इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला लेना होगा। धार्मिक शिक्षा के अलावा मदरसों में शिक्षकों को साइंस और मैथ्स भी पढ़ाना होगा। मदरसों में शिक्षकों को कॉन्ट्रेक्ट के आधार पर रखा जाएगा और राज्य सरकार इनकी सैलरी देगी। इसी तरह एक बिल्डिंग में सिर्फ एक ही मदरसे को चलने की अनुमति होगी।


ठंड का मजा ले होटल पार्क व्यू माथेरान में

माथेरान के बीचो-बीच मार्केट में ठंड के इस मौसम में अपने परिजनों के साथ छुट्टियां मनाएं. स्वच्छ व किफायती रूम के साथ स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद उठाएं



Vijay Bhai 8087711332 8412006352

बुकिंग के लिए संपर्क करें

A PARK VIEW HOTEL
MATHERAN

A PARK VIEW HOTEL, Opp. Nauroji Lord Park, M.G. Road, Near Matheran Railway Station,Tal. Karjat, Dist. Raigad 410 102


# एनिमल फेम तृप्ति डिमरी को मिली बड़ी फिल्म



## ■ कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 में नजर आ सकती हैं

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में जोया का बेहतरीन किरदार निभाकर नेशनल क्रश बन चुकीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी को बड़ी फिल्म मिली है। रिपोर्ट्स की मानें तो तृप्ति फिल्म आशिकी 3 में नजर आने वाली हैं, जिसमें वो कार्तिक आर्यन के साथ रोमांस करती दिखेंगी।

हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी ने कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म आशिकी 3 साइन कर ली है। हालांकि अब तक इस मामले में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स का ये भी मानना है कि तृप्ति ने मेकर्स से मीटिंग जरूर की है, हालांकि उनके नाम को अब तक फाइनल नहीं किया गया है।

फिल्म आशिकी 3 की अनाउंसमेंट नवंबर 2023 में की गई थी। अनाउंसमेंट के साथ ही ये भी बताया गया कि फिल्म के लीड एक्टर कार्तिक आर्यन होंगे। जबकि लीड एक्ट्रेस के नाम की अनाउंसमेंट बाकी थी। इस बीच खबर ये रही कि फातिमा सना शेख या टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट फिल्म में अहम किरदार निभाएंगी। अब फिल्म से तृप्ति डिमरी का नाम जुड़ने से ये अटकलें हैं कि वो फातिमा या जेनिफर को रिप्लेस कर सकती हैं।

बताते चलें कि आशिकी 3 को मुकेश भट्ट प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसका डायरेक्शन अनुराग बासु करेंगे। कुछ समय पहले कृति सेनन और कियारा आडवाणी का नाम भी फिल्म के लिए सामने आया था।

# आचार्य महाश्रमण ने किया आचार्य श्री तुलसी चौक का अवलोकन




**मुंबई.** कुर्ला पश्चिम एलबीएस मार्ग पर कल्पना सिनेमा स्थित आचार्य श्री तुलसी चौक के नवीनीकरण काम का अवलोकन आचार्य महाश्रमण ने कुर्ला प्रवास दौरान किया।

इस चौक का नामकरण 14 मार्च 2003 को तत्कालीन नगरसेवक खमानचंद जैन ने किया था। सौंदर्यीकरण काम के दौरान यह चौक क्षतिग्रस्त हुआ था। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मनपा से फ़ॉलोअप कर इसका पुनर्निर्माण करवाया। कुर्ला प्रवास के दौरान आचार्य महाश्रमण ने अवलोकन किया। इनकी उपस्थिति में अनिल गलगली को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ललित डांगरा जैन, रमेश सुथरिया, माणिक धींग, कांतिलाल कोठारी, राजकुमार चपलोत, हस्तीमल सुथरिया, धरमचंद डांगरा, महेंद्र मेहता आदि उपस्थित थे।

# 13 लाख का प्रतिबंधित गुटखा बरामद

**भिवंडी.** भिवंडी में एफडीए,पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बावजूद प्रतिबंधित गुटखे की विक्री पर अंकुश नहीं लग रहा है. कोनगांव पुलिस ने एक टेंपो से 13 लाख का गुटखा बरामद किया है. पुलिस ने टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

कोन गांव पुलिस स्टेशन सहायक पुलिस निरीक्षक व्ही.एस.कडलग की टीम को गुप्त सूचना मिली कि, रात के अंधेरे का फायदा उठाकर एक टेंपो में गुटखा लेकर शहर में आने वाली है. सूचना के बाद पुलिस टीम ने मुंबई नाशिक हाइवे पर स्थित राजनोली उडानपुल के नीचे जाल बिछाकर शक के आधार पर टाटा येक्ट्रा टेंपो रोककर जब उसकी तलाशी लेने पर राजनिवास पान मशाला व जाफरानी जर्दा बड़े तादात में बरामद हुआ जिसकी कीमत टेंपो सहित 13 लाख 82 हजार 400 रुपए है.पुलिस नामदार रोहिदास हाडल की शिकायत पर टेंपो चालक राकेश रामचेत शर्मा (32)पालघर पर आईपीसी की धारा 188 समेत सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है.

# चर्चा में मुंबई एयरपोर्ट का डोसा

**मुंबई.** आपने एक से बढ़कर एक डोसा ट्राई किया होगा। पनीर डोसा, प्लेन डोसा, आलू डोसा, प्याज डोसा, चीज डोसा और भी न जाने कितनी डोसा वैरायटी मार्केट में मौजूद हैं। कितना भी अच्छा डोसा हो, उसकी कीमत 200 रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। मगर एक डोसा है, जिसकी कीमत देख आपके भी होश उड़ जाएंगे।

इस डोसे को खाने के लिए आपको किसी दुकान या फिर होटल में जाने की कतई जरूरत नहीं है। बस किसी फ्लाइट का टिकट लीजिये और इस महंगे डोसे का लुत्फ उठाइये। अब आप सोच रहे होंगे कि इस डोसे में ऐसा क्या है, जो इसकी कीमत इतनी ज्यादा है और इसके चर्चे भी खूब हो रहे हैं। इसका एक वीडियो इंस्टाग्राम यूजर शेफ डॉन इंडिया ने शेयर किया है। क्लिप में शेफ डोसा बनाते नजर आ रहे हैं। बाद में कैमरा रेस्तरां के कम्प्यूटरीकृत मेनू डिस्प्ले पर चला जाता है। छाछ के साथ एक मसाला डोसा की कीमत ₹ 600 है, लेकिन बेन खली डोसा की कीमत ₹ 620 है। अगर कोई ग्राहक अपने डोसे के साथ लस्सी या फिल्टर कॉफी पीना चाहता है, तो लागत और भी बढ़ जाती है।

## आम सूचना


मैं श्री गणेश तुलशीराम रिसवाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम (टीजी+ए.सी.शिट्स), ब्लॉक नं. ए-71 के पीछे, भिमक्रांती नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 13बीआय015514300)। उक्त प्रॉपर्टी इनके नाम पर है श्रीमती गजराबाई तुलशीराम रिसवाल का निधन 19.4.2019 और श्री तुलशीराम देवचंद रिसवाल का निधन 27.10.2011 को हुआ। श्री अर्जुन तुलशीराम रिसवाल, श्री भाऊसाहेब रिसवाल व श्री दिनेश तुलशीराम रिसवाल ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 27.12.2023 सी.नं. 5613/2023 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गणेश तुलशीराम रिसवाल**


उल्हास वि NEWS www.ulhasvikas.com ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)

21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000

उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now

Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168



यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099